# प्रेस नोट दिनाँक- 26.11.2023

**(1).** आज दिनाँक 26.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 26.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी

रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है।

**(3).** आज दिनाँक 26.11.2023 को संविधान दिवस के अवसर पर श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी गयी।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अनुज मिश्रा, वाचक पुलिस अधीक्षक श्री पारितोष दीक्षित एवं कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीम वृंदा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 02 वांछित व 01 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

(i). प्र0नि0 मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह, व0उ0नि0 श्री रामवीर सिंह हमराह आरक्षी शाकिर व आरक्षी विमलेश द्वारा मु0अ0सं0 139/2023 धारा 376 भादवि0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त नारेंद्र उर्फ चुन्नू पुत्र अशोक कहार निवासी रूरल थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ii). निरीक्षक श्री राकेश मौर्य थाना कोतवाली कर्वी, हमराह आरक्षी धीरेन्द्र कुमार द्वारा मु0अ0सं0 719/2023 धारा 376 भादवि0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त मतगंजन कुशवाहा पुत्र स्व0 कामता प्रसाद निवासी पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(iii). उ0नि0 श्री रामकृष्ण वर्मा हमराह आरक्षी मनोज थाना राजापुर द्वारा मु0अं0सं0 35/2018 धारा 60 आबकारी अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त मट्टा उर्फ गयाप्रसाद पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी सोती का पुरवा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(5).** पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम निरीक्षक श्री एम0पी0 त्रिपाठी व उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 07/2020 धारा 302,394,411,120बी भादवि0

के वांछित  25000/- रूपये के इनामिया अभियुक्त हामिर साई उर्फ हामिद साई पुत्र शेखन साई निवासी पपौरा थाना टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ हाल पता ठाड़ी पाठर थाना कोठी जिला सतना म0प्र0 को बघौड़ा तालाब के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त हामिर साई उपरोक्त लगभग 03 वर्षो से फरार चल रहा था एवं इसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा 25000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 04.01.2020 को वादी मनोज कुमार पुत्र देवीदीन उर्फ दुल्लू निवासी सकरौली थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दिया गयी थी कि अज्ञात अभियुक्तगणों द्वारा मेरे पिता देवीदीन उर्फ दुल्लू व मेरे बाबा देवीदयाल की ग्राम खोह के खाली जमीन में हत्या कर 190 भेड़ व 09 बकरियां लूट ले गये, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 07/2020  धारा 302/394/120बी0 भादवि0 पंजीकृत किया गया था। इस मुकदमें से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जिसमें से नत्थू साई उर्फ बड़का उर्फ बाबा उर्फ अदब खान पुत्र छोटे साई उर्फ मलुक खाँ निवासी ठाड़ी पाठर थाना कोठी जिला सतना म0प्र0 के कब्जे से 14 नग बकरिया व बेचें गये भेड़ो का कुल 38 हजार रूपया बरामद किया गया था जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि0 की बढोतरी की गयी थी। शर्दियों के दिनों में बकरी,भेड़ चोरी जैसी घटनाएं अक्सर होती है,  इस अभियुक्त की गिरफ्तारी से इन घटनाओं  पर रोक लगाने में मदद मिलेगी पूछताछ से अन्य नाम प्रकाश में आये है जिनके गिरफ्तारी हेतु प्रयास किया जा रहा है।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम</u>**

1. निरीक्षक श्री एम0पी0 त्रिपाठी प्रभारी स्वाट/सर्विलांस
2. मुख्य आरक्षी जीतेन्द्र कुमार
3.मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार द्विवेदी
4.मुख्य आरक्षी नीतेश समाधिया
5.आरक्षी रोशन सिंह
6.आरक्षी पवन कुमार राजपूत
7.आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा
8.आरक्षी आशीष कुमार
9.आरक्षी रोहित सिंह
10. आरक्षी गोलू भार्गव
11. आरक्षी जय नारायण पटेरिया